भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 300

गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में 'प्रसाद' योजना

300. श्री टी.जी. वेंकटेशः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत आरम्भ किए जाने वाले कार्यक्रमों का चयन किया है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): जी, हाँ। आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों के आधार पर अमरावती, श्रीसैलम, सिंहाचलम, विशाखापत्तनम में और अन्नावरम, टेम्पल टाउन को प्रशाद योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। प्रशाद योजना के अंतर्गत इस राज्य में निम्नलिखित परियोजनाओं को अनुमोदित और पूर्ण रूप से कार्यान्वित किया गया है।

- वर्ष 2015-16 में *27.77* करोड़ रु. की लागत से पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती शहर, गुंटूर जिले का विकास।
- वर्ष 2017-18 में 37.88 करोड़ रु. की लागत से श्री सैलम मंदिर का विकास।

****